CGBSE

आदर्श प्रश्नपत्र–2025–26

डी0एल0एड0 (द्वितीय वर्ष)

विषय – हिन्दी शिक्षण स्तर–02 (774)

कुल अंक : 80 समय – 03 घण्टे

निर्देश : प्रत्येक खण्ड में दिये गये निर्देशों का पालन करें।

प्रश्न क्र.–01 "खण्ड–अ" में 05 बहुविकल्पीय (MCQ) प्रश्न हैं। प्रत्येक में 01 अंक निर्धारित है।

(1) इनमें से बाल साहित्य है – (1)

(अ) रामचरित मानस (ब) मेघदूत

(स) पंचतंत्र (द) मानसरोवर

(2) 'भाषाओं मे अर्थ गहरे अर्थ होते हैं', यह किसका कथन है – (1)

(अ) सपीर (ब) बोर्फ

(स) एरिक लैनबर्ग (द) हमबोल्ट

(3) मैना के बच्चे को चील से किसने बचाया? (1)

(अ) भोजराज (ब) बोधराज

(स) हरबंस (द) हंसराज

(4) 'कुछ कच्चे कुछ पक्के घर हैं' इस वाक्यमें रेखांकित शब्द हैं – (1)

(अ) एक–दूसरे के समान (ब) एक–दूसरे से उल्टा

(स) एक–दूसरे के पूरक (द) श्रुति समभिन्नार्थक

(5) लिखना पढ़ना रोज है।

यह सब लगता .................... है

उक्त पंक्ति में ...................... पर तुकांत शब्द कौन सा होगा – (1)

(अ) अच्छा (ब) बुरा

(स) बोझ (द) भारी

प्रश्न क्र.–01 "खण्ड–ब" में 05 प्रश्न हैं।इनका एक शब्द/वाक्य में उत्तर दीजिए। प्रत्येक में 01 अंक निर्धारित है।

(1) संवाद के सामाजिक नियम बताइए। (1)

(2) आपकी दृष्टि में आकलन, शिक्षक अथवा छात्र किसके लिए ज्यादा उपयुक्त होता है? (1)

(3) कठिनाई के स्तर के आधार पर किताबों का स्तर तय करने का एक उपाय बताइए। (1)

(4) 'शहर के बगल में एक जंगल है'। इस वाक्य को भयकी अनुभूति के अनुरूप परिवर्तित कीजिए। (1)

(5) NCF से आप क्या समझते हैं? (1)

**प्रश्न संख्या 02 से 06 तक लघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 02 अंक आबंटित है। (शब्द सीमा 30–50 शब्द)**

प्रश्न–02 भाषाई दक्षता की जाँच आप किस तरह से करेंगे? (2)

प्रश्न–03 परीक्षाओं के अतिरिक्त बच्चों के आकलन के कोई दो तरीके बताएँ। (2)

प्रश्न–04 'बिना व्याकरण के भाषा का होना असंभव हैं, सिद्ध कीजिए। (2)

प्रश्न–05 भाषा मे कहाँ मनमानापन है और कहाँ मनमानापन नहीं चल सकता? उदाहरण द्वारा बताइए। (2)

प्रश्न–06 पाठ्यपुस्तकों का पढ़ना पाठ्येत्तर (पुस्तकालय) की पुस्तकों को पढ़ने से कैसे भिन्न है? विश्लेषण कीजिए। (2)

**प्रश्न संख्या 07 से 10 तक लघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 03 अंक आबंटित है। (शब्द सीमा 50–75 शब्द)**

प्रश्न–07 'टोकरी भर मिट्टी' कहानी के पात्र जमींदार की भूमिका में यदि आप होते तो क्या करते? (3)

प्रश्न–08 आंकलन का क्या महत्व है? (3)

प्रश्न–09 संवाद के सामाजिक नियम क्या है? (3)

प्रश्न–10 एक अच्छी भाषा की कक्षा किसे कहेंगे? कोई तीन विशेषताएँ लिखिए। (3)

**प्रश्न संख्या 11 से 14 तक लघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 04 अंक आबंटित है। (शब्द सीमा 75–100 शब्द)**

प्रश्न–11 श्याम के पास पिस्ते–बादाम कहाँ से आये? (4)

प्रश्न–12 अवधारणाएँ कैसे बनती हैं? उदाहरण द्वारा स्पष्ट कीजिए। (2+2 = 4)

प्रश्न–13 किसी भी भाषा को किसी भी लिपि में लिखा जा सकता है। उदाहरण द्वारा स्पष्ट कीजिए। (2+2 = 4)

प्रश्न–14 व्याकरण क्या है? उदाहरण द्वारा समझाइए कि भाषा हर स्तर पर नियमबद्ध होती है। (2+2=4)

**प्रश्न संख्या 15 से 18 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 05 अंक आबंटित है। (शब्द सीमा 100–150 शब्द)**

प्रश्न–15 भाषा शिक्षण के उद्देश्यों पर प्रकाश डालिये। (5)

अथवा

सीखने के लिए उत्सुक बालकों की विशेषताएँ बताइये।

प्रश्न–16 बुक रैक पर किताबों का डिस्प्ले कैसे किया जाना चाहिए? (5)

प्रश्न–17 'भाषा विचारों पर प्रभाव डालती हैं', विवेचना कीजिए। (5)

प्रश्न–18 'टोकरी भर मिट्टी' अथवा गुलेलबाज लड़का', इन दोनों कहानियों में से किसी एक का सारांश अपने शब्दों में लिखिए। 5

**प्रश्न संख्या 19 तथा 20 तक अतिदीर्घउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 06 अंक आबंटित है। (शब्द सीमा 150–200 शब्द)**

प्रश्न–19 अपने विद्यालय के पुस्तकालय के बेहतर संचालन हेतु एक कार्ययोजना का निर्माण कीजिए। (6)

अथवा

बच्चों को पुस्तकालयों की पुस्तकें पढ़ने हेतु प्रेरित करने हेतु आप क्या–क्या गतिविधियाँ करेंगे?

प्रश्न–20 किसी विषय पर बोलते समय हमें किन–किन बातों का ध्यान रखना चाहिए? (6)

अथवा

बच्चों की भाषाओं की स्वीकार्यता हेतु कक्षा/विद्यालय में क्या–क्या किया जाना चाहिए?

———00———